प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रधानमंत्री

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने गरीबों को सशक्त बनाया है और 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। उन्होंने कहा कि उनकी रणनीति गरीबों को इतना सशक्त बनाने की है कि जिससे वे खुद गरीबी रेखा से बाहर आ सके। आज एक निजी टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने 30 साल तक गठबंधन सरकारों के दौरान अस्थिरता देखी है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत पर दुनिया का भरोसा बढ़ा है, क्योंकि एक सौ 40 करोड़ देशवासियों ने एक स्थिर, मजबूत और स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज शिमला में एक समारोह के दौरान प्रदेश के उत्कृष्ट उद्यमियों को हिमाचल के गौरव पुरस्कार 2024 प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज में विभिन्न संगठन, संस्थाएं और व्यक्ति अपने अलग—अलग कार्यों से राज्य के विकास में योगदान दे रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि दैनिक समाचार पत्रों द्वारा शुरू किए गए इन प्रयासों से उद्यमिता से जुड़े लोगों, लघु व्यावसायियों या स्वरोज़गार अपनाने वाले लोगों के योगदान को पहचान मिल रही है। राज्यपाल ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पढ़े—लिखे युवाओं को स्वरोज़गार अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे वे अपना स्टार्ट—अप बना कर दूसरों को भी रोज़गार के अवसर प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी सम्मानित व्यक्तियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और उद्यमशीलता की भावना दूसरों को भी समाज के प्रति अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर राज्यपाल ने दैनिक हिन्दी समाचार पत्र द्वारा प्रकाशित कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण भी किया। इस कॉफी टेबल बुक में हिमाचल प्रदेश के उद्यमियों की सफलता की कहानियां संकलित की गई हैं।

विनोद सुल्तानपुरी

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने आज चौपाल विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर चुनावी नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं रखी जाएगी। विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि भाजपा देश में क्षेत्रवाद, जातिवाद व धर्म के नाम पर वोट मांगती है जबकि कांग्रेस का एजेंडा समानता और सभी से न्याय का है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कभी भी इस क्षेत्र की कोई सुध नहीं ली और न ही अपनी सांसद निधि से एक भी पैसा क्षेत्र के विकास को दिया है। विनोद सुल्तानपुरी ने लोगों से जन समर्थन का आग्रह करते हुए कहा कि अगर देश में संविधान को बचाना है तो भाजपा को सत्ता से बाहर करना चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने भी लोगों से विनोद सुल्तानपुरी को विजयी बनाने का आग्रह किया।

सुखराम चौधरी

वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी ने मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस के नेता दूसरों पर आरोप लगाकर ही अपनी राजनीति चमकाने का कार्य कर रहे हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू अपनी सरकार के 16 महीनों के कार्यकाल पर नज़र डाल कर ही बयानबाज़ी करें। सुखराम चौधरी ने कहा कि कांग्रेस में उत्पन्न अंतर्द्वंद्व की स्थिति का नतीजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है और करीब डेढ़ साल के समय में जनता का एक भी कार्य नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने प्रत्याशी अभी तक तय नहीं कर पा रही है और इनके नेता चुनाव लड़ने में अपनी अस्मर्थता जता रहे हैं।

कांग्रेस बैठक

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी द्वारा आज सोलन स्थित पार्टी कार्यालय में युवाओं के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर शांडिल ने बताया कि यह चुनाव भारत के भविष्य का निर्धारण करेगा। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी व सांसद सुरेश कश्यप के पिछले पांच साल के कार्यकाल को पूरी तरह विफल करार दिया। शांडिल ने युवाओ से लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में कार्य करने का आहवान भी किया।

महेन्द्र धर्माणी

भाजपा नेता महेन्द्र धर्माणी ने कहा है कि 16 माह में 25 हज़ार करोड़ का कर्ज लेने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार एकबार फिर झूठे आंकड़ों और बयानों से जनता को गुमराह करके वोट हासिल करना चाहती है। बिलासपुर से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता सुक्खू सरकार की सच्चाई को भली–भांति जानती है और वोट की चोट से उसे करारा जवाब इस चुनाव में देगी। महेन्द्र धर्माणी ने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार के अब तक के कार्यकाल में प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है और महिलाएं व बेटियां अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के संरक्षण में नशा व खनन माफिया निरंतर बढ़ रहा है और अपराधियों व माफियाओं को सत्ताधारी दल का संरक्षण प्राप्त होने के कारण वे बेखौफ घूम रहे हैं।

....